रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 202] नई दिल्ली, सोमवार, मई 16, 2016/वैशाख 26, 1938
No. 202] NEW DELHI, MONDAY, MAY 16, 2016/VAISAKHA 26, 1938

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण

अधिसूचना

नई दिल्ली, 16 मई, 2016

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (भर्ती, वरिष्ठता और पदोन्नति) दूसरा संशोधन विनियम, 2016

सं.भाराराप्रा/11011/19/2014.—एचआर.।—भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, अधिनियम, 1988 (1988 का 68) की धारा 9 के साथ पठित, धारा 35 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (भर्ती, वरिष्ठता और पदोन्नति) विनियम, 1996 में आगे और संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थातः—

1. **संक्षिप्त नाम एवं प्रारम्भः**— (1) ये विनियम भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण(भर्ती, वरिष्ठता और पदोन्नति) दूसरा संशोधन विनियम, 2016 कहलाएंगे ।

(2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (भर्ती, वरिष्ठता और पदोन्नति) विनियम, 1996 (जिसे इसमें इसके पश्चात् मूल विनियम कहा गया है) के विनियम 3 में, खण्ड (ञ) के पश्चात्, निम्नलिखित खण्ड अन्तः स्थापित किए जाएंगे, अर्थात्:—

"(ट) " विभागीय पदोन्नति समिति" से तात्पर्य, जैसाकि विनियम 13ख में विनिर्दिष्ट है, उस समिति से है जिसका गठन उच्चतर ग्रेड (ग्रेडों)/पद(पदों) पर पदोन्नति करने हेतु प्राधिकरण के अधिकारियों/कर्मचारियों की उपयुक्तता का निर्णय करने के लिए, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा किया गया है।

(ठ) " कार्यकारणी समिति" से तात्पर्य उस समिति से है जिसमें प्राधिकरण का अध्यक्ष एवं पूर्णकालिक सदस्य शामिल हैं।"

3. मूल विनियमों के विनियम 5 में, उप–विनियम (1) के स्थान पर, निम्नलिखित उप–विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :–

''(1) उस पद का नाम, जिस पर यह अध्याय लागू होता है, पदों की संख्या, वर्गीकरण तथा उससे संबद्ध वेतनमान प्रत्येक श्रेणी के पदों की अनुसूची के कालम 1 से 4 तक में विनिर्दिष्ट किए गए अनुसार होगा, परन्तु शर्त यह है कि महाप्रबंधक स्तर तक के पदों की स्वीकृति संख्या अध्यक्ष के अनुमोदन से बढ़ाई या घटाई जा सकती है और स्वीकृत संख्या की समीक्षा करने संबंधी ऐसी कार्यवाही प्रत्येक वर्ष की जाएगी और प्रशासनिक आदेश के द्वारा घोषित की जाएगी।''

4. मूल विनियमों के विनियम 10 में, उप–विनियम (1) के स्थान पर, निम्नलिखित उप–विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :–

''अधिवर्षिता की आयु–(1) सभी अधिकारी और कर्मचारी (नियमित तथा संविदा पर नियुक्त किए गए अधिकारी एवं कर्मचारी) सेवा से उस आयु पर अधिवर्षिता प्राप्त करेंगे/सेवा में नहीं रहेंगे (जैसी स्थिति हो) जो आयु केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों पर लागू होती है।''

5. मूल विनियमों के विनियम 12 में, उप–विनियम (1) के स्थान पर, निम्नलिखित उप–विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :–

''(1) प्राधिकरण में प्रबंधक स्तर तक एवं समतुल्य ग्रेडों में सभी रिक्तियां विनियम 13ख के अनुसार विभागीय पदोन्नति समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा भरी जानी हैं। प्राधिकरण में अन्य सभी रिक्तियों को पात्र अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच परिचालित किया जाएगा, और इसके अतिरिक्त निम्नलिखित रीति से अधिसूचित किया जाएगा, अर्थात् :–

(क) प्राधिकरण की वेबसाइट पर विस्तृत विज्ञापन किया जाएगा; और

(ख) एक हिन्दी और एक अंग्रेजी दैनिक समाचार–पत्र तथा रोजगार समाचार में एक सूचनात्मक विज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा।''

6. मूल विनियमों के विनियम 12 में, उप–विनियम (4) के स्थान पर, निम्नलिखित उप–विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :–

''(4) सीधी भर्ती/पार्श्विक प्रविष्टि (लेटरल एन्ट्री) के जरिए सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर भरे जाने वाले पदों के लिए **पात्रता का निर्धारण** करने हेतु निर्णायक तिथि आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि होगी।''

7. मूल विनियमों के विनियम 12 में, उप–विनियम (5) के पश्चात्, निम्नलिखित खण्ड को अन्तः स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :–

''(क) तकनीकी संवर्ग की स्वीकृत संख्या के 20% तक के पद केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा (सड़क) संवर्ग से भरे जाएंगे और शेष 80% में से 50 %(अधिकतम) पद प्राधिकरण के स्थायी संवर्ग से तथा 30 % पद अन्य सेवाओं से प्रतिनियुक्त द्वारा भरे जाएंगे। उपर्युक्त किसी भी विधि में कमी रह जाने से, इस कमी को अन्य विधियों में से किसी भी विधि द्वारा पूरा किया जाएगा।''

8. मूल विनियमों के विनियम 13 में, उप–विनियम (3) के स्थान पर, निम्नलिखित उप–विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :–

''(3) भाराराप्रा के अधिकारियों/कर्मचारियों के विद्यमान संवर्ग सहित, आमेलन के जरिए सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति किसी भी समय प्रबंधक, उप महाप्रबंधक और महाप्रबंधक के स्तर पर तकनीकी संवर्ग के स्वीकृत पदों के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए; और आमेलन चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा जिससे आगामी भर्ती वर्षों में भर्ती में 25% से 50%तक की वृद्धि हो सकेगी।''

9. मूल विनियमों के विनियम 13क और 13क(1) के पश्चात्, निम्नलिखित विनियम अन्तः स्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :–

''13ख विभागीय पदोन्नति समिति (डी.पी.सी.):

(1) प्राधिकरण में प्रबंधक स्तर तक के पदों के लिए पदोन्नति द्वारा अभ्यर्थियों के चयन हेतु विभागीय पदोन्नति समिति (समितियाँ) होंगी। विभागीय पदोन्नति समिति (समितियों) का गठन विनियम 11 के अधीन विनिर्दिष्ट किए गए अनुसार ही होगा।

(2) विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक कब–कब होनी चाहिएः– विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक वर्ष में एक बार जनवरी महीने में होगी। हर वर्ष जनवरी माह की पहली तारीख को उपलब्ध रिक्तियों पर पदोन्नति के लिए विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा विचार किया जाएगा।

(3) पात्रता का निर्धारण करने हेतु तारीख :– पदोन्नति के लिए अधिकारियों/कर्मचारियों की पात्रता का निर्धारण करने की तारीख उस वर्ष की जनवरी माह की पहली तारीख को होगी जिस वर्ष में अधिकारी/कर्मचारी की पदोन्नति के लिए विचार किया जा रहा है।

(4) विभागीय पदोन्नति समितियों के लिए दिशा–निर्देशः विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) द्वारा अधिकारियों/कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए उनकी उपयुक्तता के बारे में उनका मूल्यांकन सेवा रिकार्ड और विशेषकर पिछले पांच वित्तीय वर्षों के उनके एपीएआर/सीआर के संदर्भ में किया जाना चाहिए। यदि संगत अवधि के दौरान किसी कारणवश एक या अधिक एपीएआर/सीआर नहीं लिखी गयी हैं तो डीपीसी द्वारा प्रश्नगत अवधि से पूर्ववर्ती वर्षों की एपीएआर/सीआर पर विचार किया जाना चाहिए।

(5) डीपीसी द्वारा पदोन्नति के लिए जिनका मूल्यांकन किया जा रहा है उनके संबंध में निम्नलिखित बैंच मार्क के संदर्भ में उनकी योग्यता का निर्धारण किया जाएगा और तद्नुसार, उन अधिकारियों/कर्मचारियों को केवल ''उपयुक्त'' या ''अनुपयुक्त'' (''फिट'' अथवा ''अनफिट'') की कोटि (ग्रेड) में रखा जाएगा :–

वेतनबैड–3 तक के वेतनमान तथा : ''अच्छा''
6600/– रु. श्रेणी वेतन वाले पदों पर पदोन्नति के लिए

(6) केवल अधिकारियों/कर्मचारियों को जिन्हें डीपीसी द्वारा ''उपयुक्त'' (''फिट'') कोटि में रखा गया है (अर्थात् जो निर्धारित बैंचमार्क को पूरा करते हैं) अपने फीडर ग्रेड में उनकी परस्पर वरिष्ठता के क्रम में चयन सूची में शामिल तथा व्यवस्थित किया जाएगा। जिन अधिकारियों/कर्मचारियों को डीपीसी द्वारा ''अनुपयुक्त'' ''अनफिट'' कोटि (निर्धारित बैंचमार्क के संदर्भ में) रखा गया है उन्हें चयन सूची में शामिल नहीं किया जाएगा। इस प्रकार, डीपीसी द्वारा जिन्हें ''उपयुक्त'' कोटि (निर्धारित बैंच मार्क के संदर्भ में) में रखा गया है उनकी पदोन्नति में कोई अधिक्रमण नहीं होगा।

(7) पीठासीन अधिकारी के अलावा किसी भी सदस्य की अनुपस्थिति के बावजूद डीपीसी की कार्यवाही कानूनी दृष्टि से वैध होगी और उसपर कार्रवाई की जाएगी, बशर्ते कि सदस्य को विधिवत् आमंत्रित किया गया हो और वह किसी कारण से अनुपस्थित रहा हो और उसे जानबूझकर डीपीसी के विचार–विमर्श से अलग रखने का प्रयास न किया गया हो और आगे शर्त यह है कि डीपीसी के अधिकांश सदस्य बैठक में उपस्थित हों।

(8) डीपीसी (विभागीय पदोन्नति समिति) की सिफारिशों का कार्यान्वयनः डीपीसी की सिफारिशों का नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा विधिवत अनुमोदन किया जाना चाहिए ओर पदोन्नति करने से पहले प्राधिकरण के सतर्कता प्रभाग से भी मंजूरी प्राप्त की जानी चाहिए।

(9) चुने गए अभ्यर्थियों की सूची (पैनल) नियुक्ति प्राधिकारी के अनुमोदन की तारीख से एक वर्ष के लिए लागू रहेगी।

(10) जिन मुद्दों को उपर्युक्त उप विनियमों के अंतर्गत नहीं रखा गया है उनपर कार्यवाही इस संबंध में केन्द्रीय सरकार द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों/अनुदेशों के अनुसार की जाएगी।''

13ग. संविदा पर नियुक्तिः

(1) नियुक्ति के लिए मानदण्डः अध्यक्ष वहां संविदा आधार पर अधिकारियों की नियुक्ति कर सकता है जहां अधिकारियों के अपने पैत्रक विभाग में अधिवर्षिता की आयु केन्द्रीय सरकार द्वारा

निर्धारित अधिवर्षिता की आयु से कम है बशर्ते कि ऐसे अधिकारी ने प्राधिकरण में प्रतिनियुक्ति पर कम से कम 2 वर्ष की निरंतर सेवा पूरी कर ली हो।

(2) नियुक्ति की अवधिः ऐसे अधिकारियों को जिस अवधि के लिए नियुक्त किया जा सकता है वह अवधि प्रारम्भ में एक वर्ष होगी और संतोषजनक कार्यनिष्पादन के अध्यधीन उसमें वार्षिक आधार पर वृद्धि या कटौती की जा सकती है बशर्ते ऐसी नियुक्ति तीन वर्ष अथवा केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित अधिवर्षिता की तारीख, जो भी पहले हो, से अधिक नहीं होगी।

(10) मूल विनियमों की अनुसूची में,निम्नलिखित टिप्पणी प्रतिस्थापित की जाएगी, अर्थात्:–

टिप्पणी 1:– जहां–कहीं भी अनुसूचियों के कालम 5 में प्रतिनियुक्ति को भर्ती की विधि निर्धारित किया गया है वहां उसके कालम 8 में निर्धारित प्रतिनियुक्ति की अवधि को प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:–

<u>प्रतिनियुक्ति की अवधिः–</u> प्रतिनियुक्ति की प्रारंभिक अवधि 03 वर्ष होगी जिसे अध्यक्ष के अनुमोदन से 02 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। 05 वर्ष के बाद प्रतिनियुक्ति की अवधि में 02 और वर्ष की बढ़ोतरी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनुमोदन से की जाएगी बशर्ते कार्य निष्पादन संतोषजनक हो।''

(11) मूल विनियमों की अनुसूची में, निम्नलिखित पदों के लिए अर्हता मानदण्ड एवं योग्यता निर्धारित करने वाली अनुसूचियों को विलोपित किया जाएगा, अर्थात् :–

''महाप्रबंधक (निजी निवेश)
उप महाप्रबंधक (इलेक्ट्रॉनिकी)
प्रबंधक (इलेक्ट्रॉनिकी)
सहायक प्रबंधक (तकनीकी)
सहायक प्रबंधक (सतर्कता)
जमादार
चपरासी ''

(12) मूल विनियमों में, निम्नलिखित पदों के लिए अर्हता मानदण्ड एवं योग्यता निर्धारित करने वाली अनुसूचियों को अन्तः स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :–

''उप महाप्रबंधक (मीडिया संपर्क)
उप प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी)
उप प्रबंधक (सतर्कता)
सहायक प्रबंधक (विधि)
वरिष्ठ लेखाकार
वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव
प्रधान निजी सचिव
प्रबंधक (पर्यावरण)
प्रबंधक (राजभाषा)
हिन्दी अनुवादक
वरिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष एवं सूचना अधिकारी
पुस्तकालयाध्यक्ष
पुस्तकालय एवं सूचना सहायक
प्रशासनिक सहायक (पुस्तकालय)
संसदीय सहायक
प्रोटोकॉल सहायक
वरिष्ठ स्वागती
वरिष्ठ अभिलेखपाल

IndiaCode

अभिलेखपाल
प्रशासनिक सहायक (स्टोर्स)
वरिष्ठ मल्टी टास्किंग स्टाफ
मल्टी टास्किंग स्टाफ

(13) मूल विनियमों की अनुसूची में, निम्नलिखित पदों के लिए अर्हता के मानदण्ड और योग्यता निर्धारित करने वाली अनुसूचियों को प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :

''महाप्रबंधक (तकनीकी)
उप महाप्रबंधक (तकनीकी)
प्रबंधक (तकनीकी)
महाप्रबंधक (वित्त)
उप महाप्रबंधक (वित्त)
प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)
लेखा अधिकारी
कनिष्ठ लेखाधिकारी
लेखाकार
रोकड़िया
महाप्रबंधक (प्रशासन)
उप महाप्रबंधक (प्रशासन)
प्रबंधक (प्रशासन)
सहायक प्रबंधक (प्रशासन)
निजी सचिव
वैयक्तिक सहायक
आशुलिपिक श्रेणी 'घ'
हिन्दी अधिकारी
कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक
महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी)
उप महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी)
प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी)
महाप्रबंधक (विधि)
उप महाप्रबंधक (विधि)
प्रबंधक (विधि)
महाप्रबंधक (पर्यावरण)
उप महाप्रबंधक (पर्यावरण)
प्रबंधक (विधि)
महाप्रबंधक (इलेक्ट्रॉनिकी)
महाप्रबंधक (परिवहन योजनाकार)
महाप्रबंधक (परिवहन अर्थशास्त्री)
महाप्रबंधक (भूमि अर्जन एवं संपदा प्रबंधन)
केयरटेकर और स्टोर कीपर
स्वागती
स्टाफ कार चालक''

(14) सहायक प्रबंधक (सतर्कता) के 12 पदों का विलोप करके उप प्रबंधक (सतर्कता) के 4 पदों का सृजन किया गया है। पद के लिए पात्रता के मानदण्ड को पूरा करने की शर्त पर विद्यमान पदाधिकारियों का दर्जा बढ़ाकर उन्हें उप प्रबंधक (सतर्कता) पदनामित किया जाएगा।

IndiaCode

(15) संशोधित अनुसूचियों में ''योजना एवं सूचना प्रणाली'' को फिर से ''सूचना प्रौद्योगिकी'' पदनामित किया गया है।

नीरज वर्मा, सदस्य (प्रशासन)

[विज्ञापन III/4/असा./84]

पाद टिप्पणीः मूल विनियमावली अधिसूचना सं. एनएचएआर–12011/1/95–प्रशा., तारीख 11 मार्च, 1996 द्वारा भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग ।।।, खण्ड 4, तारीख 11 मार्च, 1996 में प्रकाशित की गयी थी और इसमें पिछला संशोधन अधिसूचना सं. 11012/248/2015–प्रशा., तारीख 15 फरवरी, 2016 द्वारा किया गया था जिसे भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग ।।।, खण्ड–4, तारीख 19 फरवरी, 2016 में प्रकाशित किया गया था।

स्पष्टीकरण ज्ञापन

इस संशोधन की अधिसूचना से पहले कर ली गई अथवा करने से लोप करा दी गई किसी बात पर इस संशोधन के प्रख्यापन से कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

विषय–सूची

क्र.सं.	पद
	तकनीकी प्रभाग
1.	महाप्रबंधक (तकनीकी)
2.	उप महाप्रबंधक (तकनीकी)
3.	प्रबंधक (तकनीकी)
4.	उप प्रबंधक (तकनीकी)
	वित्त प्रभाग
5.	महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)
6.	उप महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)
7.	प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)
8.	लेखा अधिकारी
9.	कनिष्ठ लेखा अधिकारी
10.	वरिष्ठ लेखाकार
11.	लेखाकार
12.	रोकड़िया
	प्रशासन
13	महाप्रबंधक (प्रशासन)
14	उप महाप्रबंधक (प्रशासन)
15	प्रबंधक (प्रशासन)
16	सहायक प्रबंधक (प्रशासन)
	सचिवालय संवर्ग
17	वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव
18	प्रधान निजी सचिव
19	निजी सचिव
20	वैयक्तिक सहायक
21	आशुलिपिक
	हिन्दी प्रभाग
22	प्रबंधक (राजभाषा)
23	हिन्दी अधिकारी
24	हिन्दी अनुवादक
25	कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक
	पुस्तकालय
26	वरिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष एवं सूचना अधिकारी
27	पुस्तकालयाध्यक्ष
28	पुस्तकालयाध्यक्ष एवं सूचना सहायक

IndiaCode

29	प्रशासनिक सहायक (पुस्तकालय)
	सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग
30	महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी)
31	उप महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी)
32	प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी)
33	उप प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी)
	विधि
34	महाप्रबंधक (विधि)
35	उप महाप्रबंधक (विधि)
36	प्रबंधक (विधि)
37	सहायक प्रबंधक (विधि)
	पर्यावरण
38	महाप्रबंधक (पर्यावरण)
39	उप महाप्रबंधक (पर्यावरण)
40	प्रबंधक (पर्यावरण)
	पृथक (आइसोलेटिड) संवर्ग अधिकारीगण
41	महाप्रबंधक (इलेक्ट्रॉनिकी)
42	महाप्रबंधक (परिवहन योजनाकार)
43	महाप्रबंधक (परिवहन अर्थशास्त्री)
44	महाप्रबंधक (भूमि अर्जन एवं संपदा प्रबंधन)
45	उप महाप्रबंधक (मीडिया संपर्क)
46	उप प्रबंधक (सतर्कता)
	पृथक (आइसोलेटिड) संवर्ग कर्मचारीगण
47	केयर टेकर एवं स्टोर कीपर
48	संसदीय सहायक
49	प्रोटोकॉल सहायक
50	वरिष्ठ स्वागती
51	स्वागती
52	अभिलेखपाल
53	वरिष्ठ अभिलेखपाल
54	प्रशासनिक सहायक (स्टोर्स)
55	स्टाफ कार चालक
56	वरिष्ठ मल्टी टास्किंग स्टाफ
57	मल्टी टास्किंग स्टाफ

IndiaCode

पद का नाम	पदों की संख्या	पद का वर्गीकरण	वेतन बैंड और श्रेणी वेतन	भर्ती का तरीका
1	2	3	4	5
महाप्रबंधक (तकनीकी)	101 (2016) कार्यभार के अनुसार परिवर्तनीय	समूह – क	वेतन बैंड–4 (37400–67000 रुपए), और श्रेणी वेतन 8700/रु.	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति

आयु सीमा	आवश्यक शैक्षिक योग्यता और अनुभव	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति द्वारा भर्ती के मामले में वे ग्रेड जिनसे भर्ती की जानी है
6	7	8
प्रतिनियुक्ति के लिए 56 वर्ष से अधिक नहीं	**अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभवः–** (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सिविल इंजीनियरी की उपाधि; और (ii) वेतन बैंड–3 (15,600–39,100 रुपए) का वेतनमान और श्रेणी वेतन 5400/–रुपए अथवा समकक्ष स्तर के पद अथवा उच्च पद पर **14 वर्ष का अनुभव,** जिसमें से राजमार्गों, सड़कों और पुलों से संबंधित अवसंरचना क्षेत्रों में कार्यान्वयन का **9 वर्ष** का अनुभव ।	(1) भाराराप्रा के उप महाप्रबंधक (तकनीकी) में से **चयन के माध्यम से पदोन्नति** द्वारा जिन्होंने उस पद पर **5 वर्ष की नियमित सेवा** की हो तथा स्तम्भ 7 में निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभव रखते हों । **अथवा** (2) केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ राज्य क्षेत्रों अथवा विश्वविद्यालयों अथवा मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा अर्द्ध–सरकारी या सांविधिक या स्वायत्तशासी संगठनों तथा अन्य सरकारी निकायों के अधिकारियों में से प्रतिनियुक्ति द्वारा :– (i) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर वेतन बैंड–4 (37,400–67,000 रुपए) के वेतनमान और 8700/–रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति में सदृश पद पर कार्यरत हों; **अथवा** (ii) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियुक्ति के पश्चात वेतन बैंड–3 (15,600–39,100 रुपए) और 7600/–रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति के पदों पर नियमित आधार पर चार वर्ष की सेवा कर चुके हों; **अथवा** (iii) जिन्होंने कार्यपालक अभियंता के रूप में **नौ वर्ष** की नियमित सेवा की हो ; और जो स्तम्भ 7 में निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभव रखते हों । **<u>प्रतिनियुक्ति की अवधि</u>** प्रतिनियुक्ति की प्रारंभिक अवधि 03 वर्ष की होगी जिसे अध्यक्ष के अनुमोदन से 02 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है । 05 वर्ष के बाद प्रतिनियुक्ति की अवधि में 02 और वर्ष की बढ़ोतरी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुमोदन से की जाएगी बशर्ते कार्य निष्पादन संतोषजनक हो ।

पद का नाम	पदों की संख्या	पद का वर्गीकरण	वेतन बैंड और श्रेणी वेतन	भर्ती का तरीका
1	2	3	4	5
उप महाप्रबंधक (तकनीकी)	193 (2016) कार्यभार के अनुसार परिवर्तनीय	समूह – क	वेतन बैंड–3 (15,600–39,100 रुपए), और श्रेणी वेतन 7600/रुपए	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति

आयु सीमा	आवश्यक शैक्षिक योग्यता और अनुभव	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति द्वारा भर्ती के मामले में वे ग्रेड जिनसे भर्ती की जानी है
6	7	8
प्रतिनियुक्ति के लिए 56 वर्ष से अधिक नहीं	**अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभवः–** (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से सिविल इंजीनियरी की उपाधि; और (ii) वेतन बैंड–3 (15,600–39,100 रुपए) का वेतनमान और श्रेणी वेतन 5400/–रुपए अथवा समकक्ष स्तर के पद अथवा उच्च पद पर **9 वर्ष का अनुभव,** जिसमें से राजमार्गों, सड़कों और पुलों से संबंधित अवसंरचना क्षेत्रों में कार्यान्वयन का **6 वर्ष** का अनुभव ।	(1) भाराराप्रा के प्रबंधक (तकनीकी) में से **चयन के माध्यम से पदोन्नति** द्वारा जिन्होंने उस पद पर **5 वर्ष** की नियमित सेवा की हो तथा स्तम्भ 7 में निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभव रखते हों । **अथवा** (2) केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ राज्य क्षेत्रों अथवा विश्वविद्यालयों अथवा मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा अर्द्ध–सरकारी या सांविधिक या स्वायत्तशासी संगठनों तथा अन्य सरकारी निकायों के अधिकारियों में से **प्रतिनियुक्ति द्वारा** :– (i) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर वेतन बैंड–3 (15,600–39,100 रुपए) के वेतनमान और 7600/–रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति में सदृश पद पर कार्यरत हों; **अथवा** (ii) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियुक्ति के पश्चात वेतन बैंड–3 (15,600– 39,100 रुपए) और 6600/–रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति के पदों पर नियमित आधार पर **4 वर्ष** की सेवा कर चुके हों; **और** जो स्तम्भ 7 में निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभव रखते हों । **<u>प्रतिनियुक्ति की अवधि</u>** प्रतिनियुक्ति की प्रारंभिक अवधि 03 वर्ष की होगी जिसे अध्यक्ष के अनुमोदन से 02 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है । 05 वर्ष के बाद प्रतिनियुक्ति की अवधि में 02 और वर्ष की बढ़ोतरी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुमोदन से की जाएगी बशर्ते कार्य निष्पादन संतोषजनक हो ।

पद का नाम	पदों की संख्या	पद का वर्गीकरण	वेतन बैंड और श्रेणी वेतन	भर्ती का तरीका
1	2	3	4	5
प्रबंधक (तकनीकी)	365 (2016) कार्यभार के अनुसार परिवर्तनीय	समूह – क	वेतन बैंड–3 (15,600–39,100 रुपए), और श्रेणी वेतन 6600/रुपए	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति

आयु सीमा	आवश्यक शैक्षिक योग्यता और अनुभव	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति द्वारा भर्ती के मामले में वे ग्रेड जिनसे भर्ती की जानी है
6	7	8
प्रतिनियुक्ति के लिए 56 वर्ष से अधिक नहीं	**अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभवः–** (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से सिविल इंजीनियरी की उपाधि; और (ii) वेतन बैंड–3 (15,600–39,100 रुपए) का वेतनमान और श्रेणी वेतन 5400/–रुपए अथवा समकक्ष स्तर के पद अथवा उच्च पद पर **4 वर्ष का अनुभव,** जिसमें से **3 वर्ष** का अनुभव राजमार्गों, सड़कों और पुलों से संबंधित अवसंरचना क्षेत्रों में कार्यान्वयन का हो।	(1) भाराराप्रा के उप प्रबंधक (तकनीकी) में से **पदोन्नति** द्वारा जिन्होंने उस पद पर **4 वर्ष** की नियमित सेवा की हो । **अथवा** (2) केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ राज्य क्षेत्रों अथवा विश्वविद्यालयों अथवा मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा अर्द्ध–सरकारी या सांविधिक या स्वायत्तशासी संगठनों तथा अन्य सरकारी निकायों के अधिकारियों में से **प्रतिनियुक्ति द्वारा** :– (i) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर वेतन बैंड–3 (15,600–39,100 रुपए) के वेतनमान और 6600/–रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति में सदृश पद पर कार्यरत हों; **अथवा** (ii) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियुक्ति के पश्चात वेतन बैंड–3 (15,600– 39,100 रुपए) और 5400/–रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति के पदों पर नियमित आधार पर **चार वर्ष** की सेवा कर चुके हों; (iii) जो नियुक्ति के पश्चात वेतन बैंड–2 (9300– 34,800 रुपए) और 4800/–रुपए के श्रेणी वेतन में नियमित आधार पर **आठ वर्ष** की सेवा कर चुके हों; और जो स्तम्भ 7 में निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभव रखते हों । **<u>प्रतिनियुक्ति की अवधि</u>** प्रतिनियुक्ति की प्रारंभिक अवधि 03 वर्ष की होगी जिसे अध्यक्ष के अनुमोदन से 02 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है । 05 वर्ष के बाद प्रतिनियुक्ति की अवधि में 02 और वर्ष की बढ़ोतरी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुमोदन से की जाएगी बशर्ते कार्य निष्पादन संतोषजनक हो ।

पद का नाम	पदों की संख्या	पद का वर्गीकरण	वेतन बैंड और श्रेणी वेतन	भर्ती का तरीका
1	2	3	4	5
उप प्रबंधक (तकनीकी)	110 (2016) कार्यभार के अनुसार परिवर्तनीय	समूह – क	वेतन बैंड–3 (15600–39100 रुपए), और श्रेणी वेतन 5400/रुपए	सीधी भर्ती (80%) प्रतिनियुक्ति (20%)

आयु सीमा	आवश्यक शैक्षिक योग्यता और अनुभव	सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति द्वारा भर्ती के मामले में वे ग्रेड जिनमें भर्ती की जानी है
6	7	8
सीधी भर्ती के लिए 30 वर्ष से अधिक नहीं प्रतिनियुक्ति के लिए 56 वर्ष से अधिक नहीं	**अनिवार्य शैक्षिक योग्यता :–** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से सिविल इंजीनियरी में उपाधि;	**(1) सीधी भर्ती द्वारा:–** (i) स्तम्भ 7 में निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों में से भर्ती एजेंसी, जिसका निर्णय अध्यक्ष द्वारा लिया जाएगा, के माध्यम से की जाएगी । सीधी भर्ती खुले विज्ञापन के माध्यम से लिखित परीक्षा, और साक्षात्कार के आधार पर की जाएगी जिसमें भारत सरकार के नियमानुसार आरक्षण मानदण्ड लागू होगें और इसमें परिवीक्षा अवधि एक वर्ष की होगी । **अथवा** (ii) सिविल इंजीनियरी संकाय में वैध इंजीनियरी में स्नातक अभिरुचि परीक्षा (जीएटीइ) में प्राप्तांक के आधार पर ; **अथवा** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा (सड़क) के अधिकारियों में से **प्रतिनियुक्ति द्वारा** जो नियमित आधार पर सहायक कार्यपालक अभियंता के पद पर कार्यरत हों । **<u>प्रतिनियुक्ति की अवधि</u>** प्रतिनियुक्ति की प्रारंभिक अवधि 03 वर्ष की होगी जिसे अध्यक्ष के अनुमोदन से 02 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है । 05 वर्ष के बाद प्रतिनियुक्ति की अवधि में 02 और वर्ष की बढ़ोतरी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुमोदन से की जाएगी बशर्ते कार्य निष्पादन संतोषजनक हो ।

पद का नाम	पदों की संख्या	पद का वर्गीकरण	वेतन बैंड और श्रेणी वेतन	भर्ती का तरीका
1	2	3	4	5
महाप्रबंधक (वित्त)	05 (2016) कार्यभार के अनुसार परिवर्तनीय	समूह – क	वेतन बैंड–4 (37400–67000 रुपए), और श्रेणी वेतन 8700/रुपए	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति

IndiaCode

आयु सीमा	आवश्यक शैक्षिक योग्यता और अनुभव	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति द्वारा भर्ती के मामले में वे ग्रेड जिनसे भर्ती की जानी है
6	7	8
प्रतिनियुक्ति के लिए 56 वर्ष से अधिक नहीं	**अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभवः–** (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य/लेखा में उपाधि अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से आइसीएआइ/आइसीडब्ल्यूएआइ/ एमबीए (वित्त) उपाधि ; अथवा केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार के वित्त/लेखा से संबंधित किसी संगठित ग्रुप–क सेवा का सदस्य; और (ii) वेतन बैंड–3 (15,600–39,100 रुपए) का वेतनमान और श्रेणी वेतन 5400/–रुपए अथवा समकक्ष स्तर के पद अथवा उच्च पद पर **14 वर्ष का अनुभव** जिसमें से **7 वर्ष का अनुभव** किसी प्रतिष्ठित संगठन में वित्तीय लेखाकरण/बजटिंग/ आंतरिक लेखा–परीक्षा/संविदा प्रबंधन/निधि प्रबंधन/ संवितरण का हो ।	(1) भाराराप्रा के उप महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) में से **चयन द्वारा पदोन्नति** से जिन्होंने उस पद पर 5 वर्ष की नियमित सेवा की हो तथा स्तम्भ 7 में निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभव रखते हों । **अथवा** (2) केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ राज्य क्षेत्रों अथवा विश्वविद्यालयों अथवा मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा अर्द्ध–सरकारी या सांविधिक या स्वायत्तशासी संगठनों तथा अन्य सरकारी निकायों के अधिकारियों में से **प्रतिनियुक्ति द्वारा** :– (i) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर वेतन बैंड–4 (37,400–67,000 रुपए) के वेतनमान और 8700/–रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति में सदृश पद पर कार्यरत हों; **अथवा** (ii) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियुक्ति के पश्चात वेतन बैंड–3 (15,600– 39,100 रुपए) और 7600/–रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति के पदों पर नियमित आधार पर **4 वर्ष** की सेवा कर चुके हों; और जो स्तम्भ 7 में निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभव रखते हों । **<u>प्रतिनियुक्ति की अवधि</u>** प्रतिनियुक्ति की प्रारंभिक अवधि 03 वर्ष की होगी जिसे अध्यक्ष के अनुमोदन से 02 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है । 05 वर्ष के बाद प्रतिनियुक्ति की अवधि में 02 और वर्ष की बढ़ोतरी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुमोदन से की जाएगी बशर्ते कार्य निष्पादन संतोषजनक हो ।

पद का नाम	पदों की संख्या	पद का वर्गीकरण	वेतन बैंड और श्रेणी वेतन	भर्ती का तरीका
1	2	3	4	5
उप महाप्रबंधक (वित्त)	17 (2016) कार्यभार के अनुसार परिवर्तनीय	समूह – क	वेतन बैंड–3 (15,600–39,100 रुपए), और श्रेणी वेतन 7600/रुपए	**पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति**

आयु सीमा	आवश्यक शैक्षिक योग्यता और अनुभव	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति द्वारा भर्ती के मामले में वे ग्रेड जिनसे भर्ती की जानी है
6	7	8
प्रतिनियुक्ति के लिए 56 वर्ष से अधिक नहीं	**अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभवः—** (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य/लेखा में उपाधि अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से आइसीएआइ/आइसीडब्ल्यूएआइ/एमबीए (वित्त) उपाधि ; अथवा केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार के वित्त/लेखा से संबंधित किसी संगठित ग्रुप—क सेवा का सदस्य; और (ii) वेतन बैंड—3 (15,600— 39,100 रुपए) का वेतनमान और श्रेणी वेतन 5400/—रुपए अथवा समकक्ष स्तर के पद अथवा उच्च पद पर **9 वर्ष** का अनुभव जिसमें से **6 वर्ष** का अनुभव किसी प्रतिष्ठित संगठन में वित्तीय लेखाकरण/बजटिंग/आंतरिक लेखा—परीक्षा/संविदा प्रबंधन/निधि प्रबंधन/संवितरण का हो ।	(1) भाराराप्रा के प्रबंधक (वित्त और लेखा) में से **चयन के माध्यम से पदोन्नति द्वारा** जिन्होंने उस पद पर 5 वर्ष की नियमित सेवा की हो तथा स्तम्भ 7 में निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभव रखते हों । **अथवा** (2) केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ राज्य क्षेत्रों अथवा विश्वविद्यालयों अथवा मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा अर्द्ध—सरकारी या सांविधिक या स्वायत्तशासी संगठनों तथा अन्य सरकारी निकायों के अधिकारियों में से **प्रतिनियुक्ति द्वारा** :— (i) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर वेतन बैंड—3 (15,600—39,100 रुपए) के वेतनमान और 7600/—रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति में सदृश पद पर कार्यरत हों; **अथवा** (ii) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियुक्ति के पश्चात वेतन बैंड—3 (15,600— 39,100 रुपए) और 6600/—रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति के पदों पर नियमित आधार पर **चार वर्ष** की सेवा कर चुके हों; और जो स्तम्भ 7 में निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभव रखते हों । **<u>प्रतिनियुक्ति की अवधि</u>** प्रतिनियुक्ति की प्रारंभिक अवधि 03 वर्ष की होगी जिसे अध्यक्ष के अनुमोदन से 02 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है । 05 वर्ष के बाद प्रतिनियुक्ति की अवधि में 02 और वर्ष की बढ़ोतरी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुमोदन से की जाएगी बशर्ते कार्य निष्पादन संतोषजनक हो ।

पद का नाम	पदों की संख्या	पद का वर्गीकरण	वेतन बैंड और श्रेणी वेतन	भर्ती का तरीका
1	2	3	4	5
प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)	46 (2016) कार्यभार के अनुसार परिवर्तनीय	समूह — क	वेतन बैंड—3 (15600—39100 रुपए), और श्रेणी वेतन 6600/रुपए	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति

आयु सीमा	आवश्यक शैक्षिक योग्यता और अनुभव	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति द्वारा भर्ती के मामले में वे ग्रेड जिनसे भर्ती की जानी है
6	7	8
प्रतिनियुक्ति के लिए 56 वर्ष से अधिक नहीं	**अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभवः–** (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य/लेखा में उपाधि अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से आइसीएआइ/आइसीडब्ल्यूएआइ/एमबीए (वित्त) उपाधि ; अथवा केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार के वित्त/लेखा से संबंधित किसी संगठित ग्रुप–क सेवा का सदस्य; और (ii) वेतन बैंड–3 (15,600–39,100 रुपए) का वेतनमान और श्रेणी वेतन 5400/–रुपए अथवा समकक्ष स्तर के पद अथवा उच्च पद पर **4 वर्ष** का अनुभव और **4 वर्ष** का अनुभव किसी प्रतिष्ठित संगठन में वित्तीय लेखाकरण /बजटिंग/आंतरिक लेखा– परीक्षा /संविदा प्रबंधन/निधि प्रबंधन/संवितरण का हो ।	(1) भाराराप्रा के लेखा अधिकारियों में से **पदोन्नति द्वारा** जिन्होंने उस पद पर **5 वर्ष** की नियमित सेवा की हो । **अथवा** (2) केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ राज्य क्षेत्रों अथवा विश्वविद्यालयों अथवा मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा अर्द्ध–सरकारी या सांविधिक या स्वायत्तशासी संगठनों तथा अन्य सरकारी निकायों के अधिकारियों में से **प्रतिनियुक्ति द्वारा** :– ((i) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर वेतन बैंड–3 (15,600–39,100 रुपए) के वेतनमान और 6600/–रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति में सदृश पद पर कार्यरत हों; **अथवा** (ii) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियुक्ति के पश्चात वेतन बैंड–3 (15,600– 39,100 रुपए) और 5400/–रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति के पदों पर नियमित आधार पर **पाँच वर्ष** की सेवा कर चुके हों; और जो स्तम्भ 7 में निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभव रखते हों । **<u>प्रतिनियुक्ति की अवधि</u>** प्रतिनियुक्ति की प्रारंभिक अवधि 03 वर्ष की होगी जिसे अध्यक्ष के अनुमोदन से 02 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है । 05 वर्ष के बाद प्रतिनियुक्ति की अवधि में 02 और वर्ष की बढ़ोतरी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुमोदन से की जाएगी बशर्ते कार्य निष्पादन संतोषजनक हो ।

पद का नाम	पदों की संख्या	पद का वर्गीकरण	वेतन बैंड और श्रेणी वेतन	भर्ती का तरीका
1	2	3	4	5
लेखा अधिकारी	40 (2016) कार्यभार के अनुसार परिवर्तनीय	समूह – क	वेतन बैंड–3 (15600–39100 रुपए), और श्रेणी वेतन 5400/रुपए	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/सीधी भर्ती द्वारा

आयु सीमा	आवश्यक शैक्षिक योग्यता और अनुभव	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति द्वारा भर्ती के मामले में वे ग्रेड जिनमें भर्ती की जानी है
6	7	8
सीधी भर्ती के लिए 35 वर्ष से अधिक नहीं प्रतिनियुक्ति के लिए 56 वर्ष से अधिक नहीं	**अनिवार्य शैक्षिक योग्यता** :— (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य/लेखा में उपाधि अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से आइसीएआई/आइसीडब्ल्यूएआई/एमबीए (वित्त) उपाधि ; अथवा केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार के वित/लेखा से संबंधित किसी संगठित ग्रुप—क सेवा का सदस्य; **अनिवार्य अनुभवः—** केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ राज्य क्षेत्रों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा अर्द्ध—सरकारी अथवा सांविधिक अथवा स्वायत्तशासी संगठनों तथा अन्य सरकारी निकायों में वित्तीय लेखाकरण/बजटिंग/ आंतरिक लेखा—परीक्षा/संविदा प्रबंधन/ कोष प्रबंधन/ संवितरण में कम से कम **4 वर्ष का अनुभव** ।	(1) भाराराप्रा के कनिष्ठ लेखाधिकारियों में से **पदोन्नति द्वारा** जिन्होंने उस पद पर **चार वर्ष की नियमित सेवा** की हो तथा स्तम्भ 7 में निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभव रखते हों । **अथवा** (2) केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ राज्य क्षेत्रों अथवा विश्वविद्यालयों अथवा मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा अर्द्ध—सरकारी या सांविधिक या स्वायत्तशासी संगठनों तथा अन्य सरकारी निकायों के अधिकारियों में से **प्रतिनियुक्ति द्वारा** :— ((i) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर वेतन बैंड—3 (15,600—39,100 रुपए) के वेतनमान और 5400/—रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति में सदृश पद पर कार्यरत हों; **अथवा** (ii) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियुक्ति के पश्चात वेतन बैंड—2 (9300— 34,800 रुपए) और 4800/—रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति के पदों पर नियमित आधार पर **चार वर्ष** की सेवा कर चुके हों; और जो स्तम्भ 7 में निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभव रखते हों । **अथवा** (3) **सीधी भर्ती द्वारा** उस भर्ती एजेंसी के माध्यम से जिसका निर्णय अध्यक्ष द्वारा किया जाएगा और उन अभ्यर्थियों में से जो कॉलम 7 में निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभव रखते हों । सीधी भर्ती खुले विज्ञापन के माध्यम से लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर की जाएगी जिसमें भारत सरकार के नियमानुसार आरक्षण मानदण्ड लागू होगें और इसमें परिवीक्षा अवधि एक वर्ष की होगी । **<u>प्रतिनियुक्ति की अवधि</u>** प्रतिनियुक्ति की प्रारंभिक अवधि 03 वर्ष की होगी जिसे अध्यक्ष के अनुमोदन से 02 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है । 05 वर्ष के बाद प्रतिनियुक्ति की अवधि में 02 और वर्ष की बढ़ोतरी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुमोदन से की जाएगी बशर्ते कार्य निष्पादन संतोषजनक हो ।

Mini Code

पद का नाम	पदों की संख्या	पद का वर्गीकरण	वेतन बैंड और श्रेणी वेतन	भर्ती का तरीका
1	2	3	4	5
कनिष्ठ लेखा अधिकारी	38 (2016) कार्यभार के अनुसार परिवर्तनीय	समूह – ख	वेतन बैंड–2 (9300–34,800 रुपए), और श्रेणी वेतन 4800/रुपए	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति

आयु सीमा	आवश्यक शैक्षिक योग्यता और अनुभव	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति द्वारा भर्ती के मामले में वे ग्रेड जिनसे भर्ती की जानी है
6	7	8
प्रतिनियुक्ति के लिए 56 वर्ष से अधिक नहीं	**अनिवार्य शैक्षिक योग्यता** :– किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य विषय में उपाधि ; अथवा आईसीएआई/आईसीडब्ल्यूए से इंटरमीडियट ; अथवा केन्द्रीय सरकार के किसी भी संगठित लेखा विभाग द्वारा आयोजित एसएएस अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो अथवा मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से एमबीए (वित्त) ; **अनिवार्य अनुभवः–** केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ राज्य क्षेत्रों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा अर्द्ध–सरकारी अथवा सांविधिक अथवा स्वायत्तशासी संगठनों तथा अन्य सरकारी निकायों में वित्तीय लेखाकरण/बजटिंग/ आंतरिक लेखा–परीक्षा/संविदा प्रबंधन/ निधि प्रबंधन/ संवितरण में कम से कम **4 वर्ष का अनुभव** ।	(1) वरिष्ठ लेखाकारों/रोकड़िया में से **पदोन्नति द्वारा** जिन्होंने उस पद पर **पाँच वर्ष की नियमित सेवा** की हो **अथवा** (2) केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ शासित क्षेत्रों अथवा विश्वविद्यालयों अथवा मान्यताप्राप्त संस्थानों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा अर्द्ध–सरकारी अथवा सांविधिक अथवा स्वायत्तशासी संगठनों तथा अन्य सरकारी निकायों के अधिकारियों में से **प्रतिनियुक्ति द्वारा** :– (i) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर वेतन बैंड–2 (9300–34,800 रुपए) के वेतनमान और 4800/–रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति में सदृश पद पर कार्यरत हों; **अथवा** (ii) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियुक्ति के पश्चात वेतन बैंड–2 (9300– 34,800 रुपए) और 4600/–रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति के पदों पर नियमित आधार पर **दो वर्ष की सेवा** कर चुके हों; **अथवा** (iii) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियुक्ति के पश्चात वेतन बैंड–2 (9300– 34,800 रुपए) और 4200/–रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति के पदों पर नियमित आधार पर **पाँच वर्ष** की सेवा कर चुके हों; और जो स्तम्भ 7 में निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभव रखते हों । **<u>प्रतिनियुक्ति की अवधि</u>** प्रतिनियुक्ति की प्रारंभिक अवधि 03 वर्ष की होगी जिसे अध्यक्ष के अनुमोदन से 02 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है । 05 वर्ष के बाद प्रतिनियुक्ति की अवधि में 02 और वर्ष की बढ़ोतरी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुमोदन से की जाएगी बशर्ते कार्य निष्पादन संतोषजनक हो ।

पद का नाम	पदों की संख्या	पद का वर्गीकरण	वेतन बैंड और श्रेणी वेतन	भर्ती का तरीका
1	2	3	4	5
वरिष्ठ लेखाकार	80 (2016) कार्यभार के अनुसार परिवर्तनीय	समूह – ख	वेतन बैंड–2 (9300–34,800 रुपए), और श्रेणी वेतन 4200 / रुपए	पदोन्नति / प्रतिनियुक्ति

आयु सीमा	आवश्यक शैक्षिक योग्यता और अनुभव	पदोन्नति / प्रतिनियुक्ति द्वारा भर्ती के मामले में वे ग्रेड जिनसे भर्ती की जानी है
6	7	8
प्रतिनियुक्ति के लिए 56 वर्ष से अधिक नहीं	**अनिवार्य शैक्षिक योग्यता** :– किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य में उपाधि ; अथवा आइसीएआइ / आइसीडब्ल्यूए से इंटरमीडियट ; अथवा केन्द्रीय सरकार के किसी भी संगठित लेखा विभाग द्वारा आयोजित एसएएस अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो अथवा मान्यता प्राप्त संस्थान / विश्वविद्यालय से एमबीए (वित्त) ; **अनिवार्य अनुभवः–** केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ राज्य क्षेत्रों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा अर्द्ध–सरकारी अथवा सांविधिक अथवा स्वायत्तशासी संगठनों तथा अन्य सरकारी निकायों में वित्तीय लेखाकरण / बजटिंग / आंतरिक लेखा–परीक्षा / संविदा प्रबंधन / निधि प्रबंधन / संवितरण में कम से कम **3 वर्ष का अनुभव** ।	(1) **लेखाकारों** में से **पदोन्नति** द्वारा जिन्होंने उस पद पर **चार वर्ष की नियमित सेवा** की हो। **अथवा** (2) केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ शासित क्षेत्रों अथवा विश्वविद्यालयों अथवा मान्यताप्राप्त संस्थानों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा अर्द्ध–सरकारी अथवा सांविधिक अथवा स्वायत्तशासी संगठनों तथा अन्य सरकारी निकायों के अधिकारियों में से प्रतिनियुक्ति द्वारा :– (i) जो अपने मूल संवर्ग / विभाग में नियमित आधार पर वेतन बैंड–2 (9300–34,800 रुपए) के वेतनमान और 4200 / –रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति में सदृश पद पर कार्यरत हों; **अथवा** (ii) जो अपने मूल संवर्ग / विभाग में नियुक्ति के पश्चात वेतन बैंड–1 (5200– 20,200 रुपए) और 2800 / –रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति के पदों पर नियमित आधार पर **चार वर्ष की सेवा** कर चुके हों; और जो स्तम्भ 7 में निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभव रखते हों । **<u>प्रतिनियुक्ति की अवधि</u>** प्रतिनियुक्ति की प्रारंभिक अवधि 03 वर्ष की होगी जिसे अध्यक्ष के अनुमोदन से 02 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है । 05 वर्ष के बाद प्रतिनियुक्ति की अवधि में 02 और वर्ष की बढ़ोतरी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुमोदन से की जाएगी बशर्ते कार्य निष्पादन संतोषजनक हो ।

पद का नाम	पदों की संख्या	पद का वर्गीकरण	वेतन बैंड और श्रेणी वेतन	भर्ती का तरीका
1	2	3	4	5
लेखाकार	80 (2016) कार्यभार के अनुसार परिवर्तनीय	समूह – ग	वेतन बैंड–1 (5200–20,200 रुपए), और श्रेणी वेतन 2800/रुपए	**सीधी भर्ती**

आयु सीमा	आवश्यक शैक्षिक योग्यता और अनुभव	सीधी भर्ती के मामले में वे ग्रेड जिनसे भर्ती की जानी है
6	7	8
30 वर्ष से अधिक नहीं	**अनिवार्य शैक्षिक योग्यता** :– किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य में उपाधि ; अथवा आईसीएआई/आईसीडब्ल्यूए से इंटरमीडियट ; अथवा केन्द्रीय सरकार के किसी भी संगठित लेखा विभाग द्वारा आयोजित एसएएस अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो अथवा मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से एमबीए (वित्त) ;	**सीधी भर्ती द्वारा**:– कॉलम 7 में निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता प्राप्त उम्मीदवारों में से सीधी भर्ती द्वारा। सीधी भर्ती खुले विज्ञापन के माध्यम से लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर की जाएगी जिसमें भारत सरकार के नियमानुसार आरक्षण मानदण्ड लागू होगें और इसमें परिवीक्षा अवधि एक वर्ष की होगी ।

पद का नाम	पदों की संख्या	पद का वर्गीकरण	वेतन बैंड और श्रेणी वेतन	भर्ती का तरीका
1	2	3	4	5
रोकड़िया	01 (2016)	समूह – ख	वेतन बैंड–2 (9300–34,800 रुपए), और श्रेणी वेतन 4200/रुपए	**प्रतिनियुक्ति**

आयु सीमा	आवश्यक शैक्षिक योग्यता और अनुभव	पदोन्नति द्वारा भर्ती के मामले में वे ग्रेड जिनसे भर्ती की जानी है
6	7	8
प्रतिनियुक्ति के लिए 56 वर्ष से अधिक नहीं	**अनिवार्य शैक्षिक अर्हता** :– किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से उपाधि । **अनिवार्य अनुभव**:– भारत सरकार/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों / स्वायत्त निकायों/ उपक्रमों के वित्त/लेखा विभाग में कम से कम **छह वर्ष का अनुभव** ।	(1) केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ शासित क्षेत्रों अथवा विश्वविद्यालयों अथवा मान्यताप्राप्त संस्थानों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा अर्द्ध–सरकारी अथवा सांविधिक अथवा स्वायत्तशासी संगठनों तथा अन्य सरकारी निकायों के अधिकारियों में से **प्रतिनियुक्ति द्वारा** :– (i) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर वेतन बैंड–2 (9300–34,800 रुपए) के वेतनमान और 4200/–रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति में सदृश पद पर कार्यरत हों;

IndiaCode

		अथवा (ii) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियुक्ति के पश्चात वेतन बैंड–1 (5200– 20,200 रुपए) और 2800/–रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति के पदों पर नियमित आधार पर छह वर्ष की सेवा कर चुके हों; और जो स्तम्भ 7 में निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभव रखते हों । **<u>प्रतिनियुक्ति की अवधि</u>** प्रतिनियुक्ति की प्रारंभिक अवधि 03 वर्ष की होगी जिसे अध्यक्ष के अनुमोदन से 02 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है । 05 वर्ष के बाद प्रतिनियुक्ति की अवधि में 02 और वर्ष की बढ़ोतरी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुमोदन से की जाएगी बशर्ते कार्य निष्पादन संतोषजनक हो ।

पद का नाम	पदों की संख्या	पद का वर्गीकरण	वेतन बैंड और श्रेणी वेतन	भर्ती का तरीका
1	2	3	4	5
महाप्रबंधक (प्रशासन)	04 (2016) कार्यभार के अनुसार परिवर्तनीय	समूह – क	वेतन बैंड–4 (37400–67000 रुपए), श्रेणी वेतन 8700/रुपए	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति

आयु सीमा	आवश्यक शैक्षिक योग्यतां और अनुभव	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति द्वारा भर्ती के मामले में वे ग्रेड जिनसे भर्ती की जानी है
6	7	8
प्रतिनियुक्ति के लिए 56 वर्ष से अधिक नहीं	**अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभवः–** (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान की उपाधि; और (ii) वेतन बैंड–3 (15,600–39,100 रुपए) और श्रेणी वेतन 5400/–रुपए अथवा समकक्ष अथवा उच्चतर वेतनमान में **14 वर्ष का अनुभव,** जिसमें से **पाँच वर्ष** का अनुभव प्रशासन/स्थापना/मानव संसाधन /कार्मिक प्रबंधन में हो।	(1) भाराराप्रा के उप महाप्रबंधक (प्रशासन) में से **चयन के माध्यम से पदोन्नति द्वारा** जिन्होंने उस पद पर पाँच वर्ष की नियमित सेवा की हो तथा जो स्तम्भ 7 में निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभव रखते हों। **अथवा** (2) केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ राज्य क्षेत्रों अथवा विश्वविद्यालयों अथवा मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा अर्द्ध–सरकारी या सांविधिक या स्वायत्तशासी संगठनों तथा अन्य सरकारी निकायों के अधिकारियों में से **प्रतिनियुक्ति** द्वारा :– (i) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर वेतन बैंड–4 (37,400–67,000 रुपए) के वेतनमान और 8700/–रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति में सदृश पद पर कार्यरत हों; **अथवा** (ii) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियुक्ति के पश्चात वेतन बैंड–3 (15,600– 39,100 रुपए) और 7600/–रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान

IndiaCode

		के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति के पदों पर नियमित आधार पर **चार वर्ष** की सेवा कर चुके हों; और जो स्तम्भ 7 में निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभव रखते हों । **<u>प्रतिनियुक्ति की अवधि</u>** प्रतिनियुक्ति की प्रारंभिक अवधि 03 वर्ष की होगी जिसे अध्यक्ष के अनुमोदन से 02 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है । 05 वर्ष के बाद प्रतिनियुक्ति की अवधि में 02 और वर्ष की बढ़ोतरी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुमोदन से की जाएगी बशर्ते कार्य निष्पादन संतोषजनक हो ।

पद का नाम	पदों की संख्या	पद का वर्गीकरण	वेतन बैंड और श्रेणी वेतन	भर्ती का तरीका
1	2	3	4	5
उप महाप्रबंधक (प्रशासन)	09 (2016) कार्यभार के अनुसार परिवर्तनीय	समूह – क	वेतन बैंड–4 (15,600–39,100 रुपए), श्रेणी वेतन 7600/रुपए	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति

आयु सीमा	आवश्यक शैक्षिक योग्यता और अनुभव	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति द्वारा भर्ती के मामले में वे ग्रेड जिनसे भर्ती की जानी है
6	7	8
प्रतिनियुक्ति के लिए 56 वर्ष से अधिक नहीं	**अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभवः–** (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान की उपाधि; और (ii) वेतन बैंड–3 (15,600–39,100 रुपए) और श्रेणी वेतन 5400/–रुपए के वेतनमान अथवा समकक्ष अथवा उच्चतर वेतनमान में **9 वर्ष का अनुभव,** जिसमें से **चार वर्ष** का अनुभव प्रशासन/स्थापना/मानव संसाधन/कार्मिक प्रबंधन में हो ।	(1) भाराराप्रा के प्रबंधक (प्रशासन) में से **चयन के माध्यम से पदोन्नति द्वारा** जिन्होंने उस पद पर **पाँच वर्ष** की नियमित सेवा की हो तथा जो स्तम्भ 7 में निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभव रखते हों । **अथवा** (2) केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ राज्य क्षेत्रों अथवा विश्वविद्यालयों अथवा मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा अर्द्ध–सरकारी या सांविधिक या स्वायत्तशासी संगठनों तथा अन्य सरकारी निकायों के अधिकारियों में से **प्रतिनियुक्ति** द्वारा :– (i) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर वेतन बैंड–3 (15,600–39,100 रुपए) के वेतनमान और 7600/–रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति में सदृश पद पर कार्यरत हों; **अथवा** (ii) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियुक्ति के पश्चात वेतन बैंड–3 (15,600– 39,100 रुपए) और 6600/–रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी

		वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति के पदों पर नियमित आधार पर **चार वर्ष** की सेवा कर चुके हों; और जो स्तम्भ 7 में निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभव रखते हों । **<u>प्रतिनियुक्ति की अवधि</u>** प्रतिनियुक्ति की प्रारंभिक अवधि 03 वर्ष की होगी जिसे अध्यक्ष के अनुमोदन से 02 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है । 05 वर्ष के बाद प्रतिनियुक्ति की अवधि में 02 और वर्ष की बढ़ोतरी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुमोदन से की जाएगी बशर्ते कार्य निष्पादन संतोषजनक हो ।

पद का नाम	पदों की संख्या	पद का वर्गीकरण	वेतन बैंड और श्रेणी वेतन	भर्ती का तरीका
1	2	3	4	5
प्रबंधक (प्रशासन)	10 (2016) कार्यभार के अनुसार परिवर्तनीय	समूह – क	वेतन बैंड–3 (15,600–39,100 रुपए), श्रेणी वेतन 6600/रुपए	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति

आयु सीमा	आवश्यक शैक्षिक योग्यता और अनुभव	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति द्वारा भर्ती के मामले में वे ग्रेड जिनसे भर्ती की जानी है
6	7	8
प्रतिनियुक्ति के लिए 56 वर्ष से अधिक नहीं	**अनिवार्य शैक्षिक योग्यता** :– किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से उपाधि; **प्रतिनियुक्ति के लिए अनिवार्य अनुभव** :– प्रशासन/स्थापना/मानव संसाधन/कार्मिक प्रबंधन में कम से कम **चार वर्ष का अनुभव** ।	(1) भाराराप्रा के उन सहायक प्रबंधकों (प्रशासन) में से **पदोन्नति** द्वारा जो उक्त पद पर **सात वर्ष** की नियमित सेवा पूरी कर चुके हों । **अथवा** (2) केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ राज्य क्षेत्रों अथवा विश्वविद्यालयों अथवा मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा अर्द्ध–सरकारी या सांविधिक या स्वायत्तशासी संगठनों तथा अन्य सरकारी निकायों के अधिकारियों में से **प्रतिनियुक्ति** द्वारा :– (i) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर वेतन बैंड–3 (15,600–39,100 रुपए) के वेतनमान और 6600/–रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति में सदृश पद पर कार्यरत हों; **अथवा** (ii) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियुक्ति के पश्चात वेतन बैंड–3 (15,600– 39,100 रुपए) और 5400/–रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति के पदों पर नियमित आधार पर **चार वर्ष** की सेवा कर चुके हों;

		अथवा (iii) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियुक्ति के पश्चात वेतन बैंड–2 (9300– 34,800 रुपए) और 4800/–रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति के पदों पर नियमित आधार पर **छह वर्ष** की सेवा कर चुके हों; और जो स्तम्भ 7 में निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभव रखते हों । **<u>प्रतिनियुक्ति की अवधि</u>** प्रतिनियुक्ति की प्रारंभिक अवधि 03 वर्ष की होगी जिसे अध्यक्ष के अनुमोदन से 02 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है । 05 वर्ष के बाद प्रतिनियुक्ति की अवधि में 02 और वर्ष की बढ़ोतरी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुमोदन से की जाएगी बशर्ते कार्य निष्पादन संतोषजनक हो ।

पद का नाम	पदों की संख्या	पद का वर्गीकरण	वेतन बैंड और श्रेणी वेतन	भर्ती का तरीका
1	2	3	4	5
सहायक प्रबंधक (प्रशासन)	12 (2016) कार्यभार के अनुसार परिवर्तनीय	समूह – ख	वेतन बैंड–2 (9300–34,800 रुपए), श्रेणी वेतन 4800/रुपए*	चयन के माध्यम से पदोन्नति द्वारा 50% और प्रतिनियुक्ति/सीधी भर्ती के माध्यम से 50%

आयु सीमा	आवश्यक शैक्षिक योग्यता और अनुभव	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/सीधी भर्ती द्वारा भर्ती के मामले में वे ग्रेड जिनसे भर्ती की जानी है
6	7	8
प्रतिनियुक्ति के लिए 56 वर्ष से अधिक नहीं सीधी भर्ती के लिए 30 वर्ष से अधिक नहीं	**अनिवार्य शैक्षिक योग्यता :–** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से उपाधि; **प्रतिनियुक्ति/सीधी भर्ती के लिए अनिवार्य अनुभव :–** प्रशासन/स्थापना/मानव संसाधन/कार्मिक प्रबंधन में कम से कम **तीन वर्ष का अनुभव** ।	(1) भाराराप्रा के उन अभ्यर्थियों में से लिखित परीक्षा/साक्षात्कार द्वारा चयन के माध्यम से **पदोन्नति** द्वारा जो नियमित आधार पर निजी सचिव के पद पर कार्यरत हो अथवा वैयक्तिक सहायक जो उस पद पर **पाँच वर्ष की नियमित सेवा** कर चुके हों अथवा केयर टेकर एवं स्टोर कीपर जो उस पद पर **आठ वर्ष की नियमित सेवा** कर चुके हों अथवा स्वागती जो उस पद पर **बारह वर्ष की नियमित सेवा** कर चुके हों और जो स्तम्भ 7 में निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता रखते हों। **अथवा** (2) केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ राज्य क्षेत्रों अथवा विश्वविद्यालयों अथवा मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा अर्द्ध–सरकारी या सांविधिक या स्वायत्तशासी संगठनों तथा अन्य सरकारी निकायों के अधिकारियों में से प्रतिनियुक्ति/सीधी भर्ती द्वारा :– (i) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर वेतन बैंड–2 (9300–34,800 रुपए) के वेतनमान और 4800/–रुपए के श्रेणी वेतन (केन्द्रीय मंहगाई भत्ता पद्धति में) अथवा इसी वेतनमान के समतुल्य औद्योगिक मंहगाई भत्ता पद्धति में सदृश पद पर कार्यरत हों;

IndiaCode

